# कार्यालय कलेक्टर (महिला एवं बाल विकास) जिला शिवपुरी

क्रमांक/मबावि/NNM/2019/4669 शिवपुरी, दिनांक 09.09.19

प्रति,

1. मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, शिवपुरी
2. मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी शिवपुरी
3. जिला आयुष अधिकारी, शिवपुरी
4. कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग, शिवपुरी
5. प्रबंधक, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, शिवपुरी
6. परियोजना अधिकारी, शहरी विकास अभिकरण, शिवपुरी
7. मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका शिवपुरी
8. उपं संचालक, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, शिवपुरी
9. जिला उद्यानिकी अधिकारी उद्यानिकी विभाग, शिवपुरी
10. जिला शिक्षा अधिकारी, शिवपुरी
11. जिला संयोजक, आदिमजाति कल्याण विभाग, शिवपुरी
12. प्राचार्य, शा. स्नातकोत्तर महा विद्यालय शिवपुरी
13. प्राचॉय, शा. कन्या महा विद्यालय शिवपुरी
14. जिला खेल अधिकारी, खेल एवं युवा कल्याण विभाग, शिवपुरी
15. प्रबंधक, आकाशवाणी शिवपुरी
16. प्रबंधक, दूरदर्शन एवं रेडियों, केन्द्र शिवपुरी
17. जिला खाद्य अधिकारी शिवपुरी
18. उप संचालक, सामाजिक न्याय विभाग, शिवपुरी
19. महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र जिला शिवपुरी
20. जिला प्रबंधक यूनीसेफ, शिवपुरी
21. क्लटन हेल्थ एक्सेस इनिटिव, शिवपुरी
22. जिला समन्वयक, न्यूट्रीशन इन्टरनेशनल, शिवपुरी
23. परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास परियोजना समस्त जिला शिवपुरी

विषय :- राष्ट्रीय पोषण माह वर्ष 2019 (01-30 सितम्बर 2019) आयोजन हेतु महिला एवं बाल विकास विभाग से समन्वय कर विभिन्न लाईन विभागो एवं एजेन्सियो द्वारा गतिविधियो के आयोजन के संबंध में

संदर्भ :- संचालनालय महिला एवं बाल विकास म.प्र. भोपाल का पत्र क्र./मबावि/एनएनएम/2019-20/1733 दिनांक 27.08.19 सम संख्याक पत्र क्र. 1791-1792 दिनांक 29.08.19

विषयांतर्गत लेख है कि, संदर्भित पत्रों के निर्देशानुसार राष्ट्रीय पोषण माह 2019 का दिनांक 01 सितम्बर से 30 सितम्बर 2019 तक महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा अन्य संबंधित विभागों एवं डेवलपमेन्ट एजेन्सियो से समन्वय कर पोषण विषय को व्यापक स्तर पर जन आंदोलन

- निरंतर -

के रूप में चलाये जाने हेतु आपके विभाग/एजेन्सी से संबंधित निम्नानुसार गतिविधियों का आयोजन एवं क्रियान्वयन किया जावेगा –

| विभाग का नाम | गतिविधियां |
| --- | --- |
| 1. लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग | – पोषण एवं पोषण अभियान के मुख्य घटकों के संबधित जानकारी एवं चैक लिस्ट विभग के अधिकारीयों एवं मैदानी अमले कों उपलब्ध कराना।<br>– पोषण माह के दोरान ब्लॉक एवं जिला स्तर पर पोषण मेले का आयोजन।<br>– पोषण माह के दोरान पूरे माह एनीमिया, दस्त प्रबंधन, अति गंभीर कुपोषित बच्चों का प्रबंधन एवं टीकाकरण पर विशेष जोर देना।<br>– रेडियो एवं टी.व्ही पर टॉक शो एवं जिंगल्स का प्रसारण किया जाये।<br>– उप स्वास्थ्य केन्द्र स्तर के पोषण माह के दौरान एनीमिया कैम्प का आयोजन करना (कम से कम 02)।<br>– प्रभात–फेरी/पोषण रैली/पंचायत बैठक/स्व सहायता समूह बैठक, नेहरू युवा केन्द्र/एन.एन.एस.एस. के छात्रों का उन्मुखीकरण इत्यादि में सहयोग करना।<br>– गृह आधारित नवजात एवं शिशु देखभाल (HBNYC) अंतर्गत पोषण पर केन्द्रित प्रशिक्षण एवं गृह भेट किया जाये।<br>– स्वास्थ्य विभाग के सम्पर्क बिन्दु (ओ.पी.डी.क्लिनिक, पोषण पुनर्वास केन्द्र, स्वास्थ्य केन्द्रों आदि) पर सेवाप्रदाता एवं हितग्राहियों से सम्पर्क कर पोषण सम्बंधी जानकारी प्रदाय की जाये।<br>– समस्त सार्वजनिक कार्यक्रमों में स्वास्थ्य कार्यकर्ता मैदानी स्तर पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को सहयोग प्रदान करेंगी।<br>– राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (RBSK) के अन्तर्गत माइक्रो प्लान अनुसार आंगनवाड़ी केन्द्रों एवं स्कूलों में बच्चों का स्वास्थ्य परिक्षण एवं उचित सलाह दिया जाये।<br>– राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम (RKSK) के अन्तर्गत गठित साथिया दल को पोषण सम्बंधी जागरूकता को जोड़ने का प्रयास किया जाये।<br>– स्वास्थ्य IEC सामग्री को संकलित कर विभिन्न स्तरों पर उपलब्ध कराई जाये। |
| 2.आयुष विभाग | – स्वास्थ्य एवं पोषण कैम्प का अयोजन<br>– पोषण दिवस का आयोजन माह के दौरान किया जावे |
| 3. ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज | – माननीय सांसदों एवं विधायकों की उपस्थिति मे पोषण चौपाल का आयोजन<br>– ग्राम स्तर पर जनप्रतिनिधियों द्वारा पोषण संदेशो का प्रचार–प्रसार<br>– पंचायत स्तर पर बैठक, पोषण दोड, प्रभात फेरी का आयोजन<br>– हाट बाजार मे पोषण गतिविधि का आयोजन |
| 4. लोक स्वास्थ्य एवं यांत्रिकीय विभाग | – पंचायत स्तर पर जल की गुणवत्ता जांच (qualitative test) के शिविर आयोजित किये जाये।<br>– आंगनवाडी एवं स्कूल स्तर पर पीने योग्य पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करना।<br>– ब्लॉक स्तर पर उपलब्ध समन्वयक एवं एन.जी.ओ. द्वारा सायकिल यात्रा का आयोजन किया जाये।<br>– समस्त पंचायतों को जल की गुणवत्ता के सम्बंध में प्रशिक्षित किया जाये।<br>– दूरदर्शन दिवस पर आंगनवाडी कार्यकर्ता एवं समुदाय को केन्द्र स्तर पर पानी की जांच संबंधी प्रशिक्षण प्रदान किया जाये।<br>– दूरदर्शन एवं रेडियो पर जल शुद्धता एवं जांच संबंधी टॉक शो आयोजित किये जायेंगे। |

| विभाग का नाम | गतिविधियां |
|---|---|
| 5. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन | – प्रदेश के 52 जिलो में लगभग 2.5 लाख स्व सहायता समूह की महिलाओं को आंगनवाड़ी केन्द्र की पोषण गतिविधियों में सम्मिलित किया जाये।<br>– आंगनवाड़ी स्तर पर प्रति सप्ताह होने वाली गतिविधियों/ बैठकों में भागीदारी सुनिश्चित की जाये।<br>– साप्ताहिक बैठकों की विषय सूची महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा उपलब्ध कराये जायेंगे।<br>– पोषण विषय केन्द्रित वीडियो फिल्मों को समुह स्तर तक वाटसएप के माध्यम से प्रसार<br>– स्थानीय स्तर पर उपलब्ध आनाजों से निर्मित पोषण युक्त भोजन पकाने की सम्बन्धी प्रशिक्षण दिया जायेगा<br>– पंचवटी से पोषण अंन्तर्गत वृक्षारोपण हेतु आंवला, मुनगा, अमरूद, नीबू, कंरोदा, जैसे पौधे समुहों को उपलब्ध कराये जाये। |
| 6.नगरीय प्रशासन एवं शहरी विकास | – पूरे माह में कचरा/सफाई वाहनों में पोषण गीत/जिंगल्स को बजाया जाये।<br>– शहरी क्षेत्रों में बस्तियों में निवासरत एवं पलायन वाले परिवारों पर विशेष ध्यान देना एवं इन क्षेत्रों में किचन गार्डन/टेरिस गार्डन को बढ़ावा देना।<br>– रहवासी संग सिविल सोसाईटी, नेहरू यूवा केन्द्र, एनएसएस, स्कूल एवं कालेज के साथ पोषण आधारित जागरूकता कार्यक्रम फिल्म प्रदर्शन किया जाये।<br>– अत्यधिक मजदूर वाले क्षेत्रों में पोषण अभियान केन्द्रित गतिविधयों का आयोजन करना।<br>– पुरूष भागीदारी के साथ व्यजंन प्रतियोगिता आयोजन करना।<br>– पोषण अभियान के प्रचार–प्रसार हेतु होडिंस, बस पेनल बेनर शहरी बस्तीयों एवं महत्वपूर्ण जगहों पर प्रदर्शित करना।<br>– शहरी क्षेत्रों मे स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण संबंधित सेवाप्रदाताओं के बीच समन्वय स्थापित करने हेतु प्रयास करना।<br>– नगरीय निकायों की मेयर इन काउंसिल/परिषद की बठकों में जन प्रतिनिधियों से पोषण पर चर्चा की जाये। इस बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग से रिसोर्स पर्सन की उपस्थित आवश्यक रखी जाये। आवश्यकता होने पर मेयर इन काउंसिल/परिषद की विशेष बैठक भी आयोजित की जा सकती है।<br>– प्रदेश के सभी शहरी क्षेत्रों में पोषण अभियान के प्रसार–प्रसार में प्रचार–प्रसार हेतु संघन प्रयास किया जाये। |
| 7. कृषि एवं किसान कल्याण विभाग | – कृषि विभाग से संबंधित किसान संगठनों, जैविक कृषि संगठन, प्राकृतिक कृषि से संबंधित किसान, मीडिया, ICAR मानव अधिकारी संगठन अन्य सामाजिक संगठन आदि को पोषण अभियान में जोडा जाये।<br>– किसान क्लब/समितियों की बैठक एवं बुवाई उत्सव का अयोजन किया जाये। |
| 8. उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग | – आंगनवाडी में तीसरे सप्ताह के दौरान पंचवटी से पोषण अन्तर्गत वृक्षारोपाण हेतु आंवला, मुनगा, अमरूद, नीबू, कंरोदा, जैसे पोधे उपलबध कराये जाये।<br>– विभिन्न सब्जियों एवं फलों की बीज कम वजन अतिकम वजन एवं अतिगंभीर कुपोषित बच्चों के परिवारों को आंगनवाडी केन्द्र के माध्यम से प्रदाय करने हेतु बाल विकास परियोजना अधिकारियों को उपलबध कराये जाये। |
| 9. स्कूल शिक्षा विभाग | – सभी स्तर के शालाओं में किचन गार्डन विकसित करना एवं इस संबंध में प्रशिक्षण देना।<br>– शिक्षक दिवस के आयोजन के दौरान पोषण जागरूकता– स्थानीय आहार के |



निरंतर . . .

| विभाग का नाम | गतिविधियां |
|---|---|
| | उपयोग विषय पर गतिविधियों एवं आंवला, मुनगा, अमरूद, नीबू, करोंदा, आम जैसे पौधे वृक्षारोपण का आयोजन किया जाये।<br>– प्रत्येक विकासखण्ड स्तरीय एवं जिला स्तरीय विद्यालयों में पोषण एवं पोषक तत्वों के महत्व विषय परिचर्चा का आयोजन किया जाये।<br>– प्रत्येक विकासखण्ड स्तरीय एवं जिला स्तरीय विद्यालयों में पोषण एवं पोषक तत्वों के महत्व विषय पर क्विज, निबंध भाषण आदि का आयोजन किया जाये।<br>– विद्यालयों में अद्ययनरत किशोरी बालिकाओं हेतु पोषण जागरूकता सत्र आयोजित करना।<br>– सभी विद्यलायों में कक्षा 06 से 12 तक के सभी विद्यालयों में साप्ताहिक आयरन आयरन की गोलियो के सेवन हेतु प्रेरित करना।<br>– सभी बालिका छात्रावासों में एनिमिया किशोरी, आहार, शिक्षा, महावारी, स्वच्छता एवं सही उम्र में विवाह केन्द्रित विषयों पर परिचर्चा का आयोजन किया जाये। |
| 10. आदिम जाति कल्याण विभाग | – सभी स्तर के आश्रम शालाओं में किचन गार्डन विकसित करना एवं इस संबंध में प्रशिक्षण देना।<br>– बालिकाओं आश्रम शालाओं में पोषण स्वच्छता एवं स्वास्थ परिचर्चा आयोजित करना।<br>– बालिकाओं के खून की जांच हेतु एनीमिया केम्प का आयोजन करना।<br>– सभी आश्रम शालाओं एवं छात्रावासों में आयरन कक्षा 06 से 12 तक के सभी छात्र–छात्राओं को मध्य गोलियो के सेवन सुनिश्चित करना एवं निरन्तरता हेतु प्रेरित करना। |
| 11. उच्च शिक्षा विभाग | – पोषण माह के दौरान महाविद्यालयों में पोषण एवं पोषक तत्वों के महत्व विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया जाये।<br>– शिक्षक दिवस के आयोजन के दौरान पोषण जागरूकता– स्थानीय आहार के उपयोग विषय पर गतिविधियों एवं आंवला, मुनगा, अमरूद, नीबू, करोंदा, आम जैसे पौधे वृक्षारोपण का आयोजन किया जाये।<br>– जिला स्तर पर महाविद्यालयों के छात्र–छात्राओं के मध्य स्थानिय स्तर पर उपलब्ध अनाजों के व्यंजन प्रतियोगिता का अयोजन किया जाये<br>– महाविद्यालयों में पोषण आधारित क्विज, निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया जाये। |
| 12. खेल एवं युवा कल्याण विभाग | – नेहरू युवा केन्द्र, राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS), नेशनल केडेट कोर (NCC), स्काऊट एवं गाईड जैसे संगठनों के माध्यम से पोषण संदेशों का प्रचार प्रसार<br>– युवा रैली, सायकिल रैली एवं युवा समुह बैठकों के माध्यम से पोषण जागरूकता। |
| 13 . दूरदर्शन एवं रेडियो | – पोषण विषय केन्द्रित पोषण माह के तहत टॉक शो आयोजित किया जाये।<br>– Nutri-sensitive फसलों के उत्पादन हेतु दूरदर्शन/रेडियो के माध्यम से किसान भाईयों के मध्य प्रचार–प्रसार किया जाये।<br>– फोन–इन कार्यक्रमों में पोषण थीम का उपयोग किया जाये।<br>– प्रदेश के 14 रेडियो स्टेशनों से पारम्परिक भोजन पकाने एवं खाने के लिये कार्यक्रम आयोजित किये जाये।<br>– भोजन सम्बंधी कार्यक्रमों में पोषण की महत्ता (Nutriton value) पर चर्चा की जाये। |
| 14. खाद्य एवं पोषण बोर्ड | – कम लागत बाले पोषक भोजन का प्रदर्शन आयोजित किये जाये।<br>– पोषण युक्त भोजन तैयार करने संबंधी कार्यक्रमों का आयोजन किया जाये। |

| विभाग का नाम | गतिविधियां |
|---|---|
| | – डबल फोर्टीफाईड नमक के उपयोग का प्रचार प्रसार करना। |
| 15. समाजिक न्याय एवं सशक्तिकरण विभाग | – विशेष आवश्यकता वाले अति गंभीर कुपोषित बच्चों के प्रबन्धन हेतु दिशा निर्देश का निर्माण एवं क्रियान्वयन सुनिश्चित करना। |
| 16 कौशल विकास एवं उद्यमिता | शाला त्यागी किशोरी बालिकाओं हेतु कौशल विकास केन्द्रों का भ्रमण आयोजन करना। |
| | डेवलपमेंट ऐजेन्सियों |
| 1- UNICEF | – प्रदेश के टेलीविजन संवाददाता/पत्राकारों का उन्मुखीकरण किया जाये।<br>– नव युवकों का उन्मुखीकरण किया जाये।<br>– श्योपूर, मुरैना, शिवपुरी एवं गुना में जनआंदोलन एवं पोषण माह उन्मुखीकरण/क्रियान्वयन तथा निगरानी में सहयोग।<br>– टिविटर एवं फेसबुक पेज में पोषण माह के दौरान आयोजित गतिविधियों का कवरेज सुनिश्चित करने में सहयोग। |
| 2- Nutrition International (NI) | – NI मप्र के 31 जिलों में काम कर रहा है,<br>– पोषन माह का उन्मुखीकरण 31 जिलों में कार्यशाला के लिए NI के जिला समन्वयक (DC) ट्रेनर के रूप में भाग लेंगे।<br>– NI निम्नलिखित स्कूल स्तर की गतिविधियों में सहायता करेगा:–<br>– 400 से अधिक नामांकन वाले 31 जिलों के 62 स्कूलों में टेस्ट, ट्रीट और टॉक कैंप<br>– स्वास्थ्य विभाग के समर्थन से किशोर लड़कियों और लड़कों के एनीमिया के लिए स्क्रीनिंग।<br>– आवश्यक पड़ने पर कम एचबी स्तर वाले किशोर एवं किशोरियों को उपस्वास्थ केंद्रों के लिए रेफरल कर उनका उपचार<br>– एनआई डीसी और आईसीडीएस पर्यवेक्षकों द्वारा एनीमिया की रोकथाम और अच्छे पोषण प्रथाओं पर इन स्कूलों में सभी छात्रों का अभिविन्यास।<br>– 31 जिलों के 62 स्कूलों के स्कूलों में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन विजेता प्रतिभागियों को को पुरस्कार वितरण एवं स्वल्पाहार का वितरण<br>– 10 जिले में होम साइंस कॉलेज / गर्ल्स कॉलेज / होटल मैनेजमेंट कॉलेज में पोषण कार्यशाला की सुविधा में सहायता।<br>– 31 जिलों में खराब संकेतक वाले ब्लॉक के गर्ल्स हॉस्टल में एनीमिया की रोकथाम, WIFS और अच्छी पोषण संबंधी प्रथाओं पर उन्मुखीकरण।<br>– शासकीय माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक स्कूलों के प्राचार्यों का जिला स्तरीय उन्मुखीकरण।<br>– 31 जिलों में अच्छी पोषण संबंधी प्रथाओं को बढ़ावा देने और एनीमिया की रोकथाम पर माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक स्कूल में उन्मुखीकरण।<br>– पोषण माह 2019 के समस्त विभागीय गतिविधियों के आधार पर रिपोर्ट लेखन। |
| 1- WHH | – श्योपुर, छतरपुर एवं संभागीय मुख्यालयों में पोषण जागरूकता हेतु नुक्कड़ नाटक का मंचन<br>– खाना पकाने की बेहतर तकनीक एवं नई रैसिपी के संबंध में प्रशिक्षण का आयोजन किया जाये।<br>– पोषण सम्बंधी प्रचार–प्रसार की रोचक सामग्री (Content Development) तैयार कर वितरित की जाये। |

| विभाग का नाम | गतिविधियां |
|---|---|
| | – पानी जांच की विधि प्रदर्शन दुरदर्शन के माध्यम से श्योपुर एवं छतरपुर के महिलाओं द्वारा करना |
| 2- CHAI | – पोषण सभा एवं बाल चौपाल में IEC एवं नुक्कड़ नाटक का मंचन श किया जाये।<br>– राज्य एवं जिलों पर मीडिया कार्यशाला का आयोजन किया जाये।<br>– आंगनवाड़ी केन्द्र/परियोजना एवं जिला स्तर के गतिविधियों में जिलों के परियोजना समन्वयकों की भागीदारी सुनिश्चित करना।<br>– स्कूलों में परियोजना समन्वयकों द्वारा बाल सभा में पोषण एवं एनीमिया सम्बन्धि चर्चा करना |
| 5- Piramal Foundation | – सभी 05 आकांक्षी जिलों में जिला एवं परियोजना स्तर एवं राज्य स्तर पर धर्म गुरूओं के साथ पोषण सम्बंधी बैठक का आयोजन किया जाये।<br>– टिविटर एवं फेसबुक पेज में पोषण माह के दौरान आयोजित गतिविधियों का कवरेज सुनिश्चित करने में यूनिसेफ के साथ मिलकर सहयोग।<br>– पोषण माह के दौरान विदिशा, खण्डवा, सिंगरौली, बड़वानी एवं दमोह के सभी 38 परियोजनाओं में परियोजना स्तर पर पोषण मेला के आयोजन में सहयोग करे।<br>– पोषण माह के दौरान विदिशा, खण्डवा, सिंगरौली, बड़वानी एवं दमोह के चिन्हित सभी 155 ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस के दौरान गतिविधियों के आयोजन एवं निगरानी में सहयोग।<br>– पोषण अभियान के डैशबोर्ड में अभियान की सम्पन्न गतिविधियों की प्रविष्टि सुनिश्चित की जाये। |
| 3- GIZ | – भोजन रैसिपी पर शोर्ट विडियो क्लिप्स बनाकर आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सोशल मीडिया पर भेजा जाये।<br>– स्थानिय एवं उम्र आधारित भोजन रैसिपी बुकलेट का मुद्रण एवं वितरण |
| 4- LUPIN | – मंडी दीप – रायसेन, विदिशा जिला में बच्चों को सोया बिस्कुट प्रदाय<br>– रायसेन, विदिशा एवं धार में पोषण अभियान की गतिविधियों के आयोजन में सहयोग।<br>– उक्त जिलों के महिला समुहों का पोषण युक्त भोजन तैयार करने हेतु प्रशिक्षण। |
| 5- ACF | – धार जिले के गंदवानी परियोजना में गंदवानी एवं अमझेरा सेक्टर में पोषण दौरान सभी गतिविधियो के आयोजन में अतिरिक्त सहयोग<br>– पन्ना एवं सिंगरौली जिले में मीडिया कार्यशाला एवं पंचायत प्रतिनिधियों का उन्मुखीकरण आयोजन में सहयोग। |
| 6- TINI | – 31 जिलों में पोषण माह के आयोजन हेतु विभिन्न विभागों के साथ समन्वय में तकनीकि सहयोग<br>– पोषण माह की गतिविधियों के डेशबोर्ड में समय से इन्द्राज में सहयोग। |

अतः राष्ट्रीय पोषण माह 2019 (01 सितम्बर से 30 सितम्बर 2019) अन्तर्गत आप अपने विभाग/एजेन्सी से संबंधित गतिविधियों का अयोजन किया जाना सुनिश्चित करें एवं आयोजित की गई गतिविधियों का सॉफ्ट एवं हार्ड कॉपी मे प्रतिवेदन जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास जिला शिवपुरी को उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें।

कलेक्टर
जिला-शिवपुरी

पृ.क्रमांक/मबावि/NNM/2019/4610 शिवपुरी, दिनांक 09.09.19

प्रतिलिपि :-

1. आयुक्त महोदय महिला एवं बाल विकास विभाग म.प्र. भोपाल।
2. संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास विभाग ग्वालियर संभाग ग्वालियर।
3. जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास जिला शिवपुरी।
4. परियोजना अधिकारी (समस्त) महिला एवं बाल विकास परियोजना जिला शिवपुरी की ओर सूचनार्थ एवं निर्देशित किया जाता है कि परियोजना/विकासखण्ड स्तर पर संबंधित अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर गतिविधियों का अयोजन किया जाना सुनिश्चित करें।

कलेक्टर
जिला-शिवपुरी